उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होम्योपैथी भवन
2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ-226018
मो0नं0 : 7607355882
ई–मेल–registrar@hmbup.in

पत्रांक– 617 /एच0एम0बी0/2024 दिनांक 29/07/2024

सेवा में, (द्वारा- बोर्ड वेबसाइट)

प्राचार्य/प्रबन्धक,

समस्त डी0एच0पी0 कालेज, उ0प्र0।

(शैक्षणिक सत्र 2020-21 एवं 2023-25 प्रथम **वर्ष**)

विषयः भेषजिक डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मासिस्ट (डी0एच0पी0) पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2020-21 एवं 2023-25 प्रथम वर्ष की परीक्षा हेतु केन्द्र निर्धारण के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि उच्चस्तर पर लिये गये निर्णय के क्रम में शैक्षणिक सत्र 2020-21 एवं 2023-25 प्रथम वर्ष की लिखित परीक्षा दिनांक 27.08.2024 से दिनांक 31.08.2024 तक तथा प्रयोगात्मक परीक्षा सितम्बर, 2024 के प्रथम सप्ताह में सम्पन्न कराये जाने का निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त परीक्षायें स्वकेन्द्र आधारित नहीं होगी बल्कि वाह्य केन्द्रों पर होगी, यदि जनपद में दो या दो से अधिक केंन्द्र है तो परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण कराते हुए डी0एच0पी0 कालेजों पर सी0सी0 टी0वी0 कैमरों की निगरानी में परीक्षा सम्पन्न करायी जायेगी तथा जिन जनपदों में एक ही डी0एच0पी0 कालेज स्थित है, उनका परीक्षा केन्द्र संबंधित जनपद के जिला विद्यालय निरीक्षक के सहयोग से छात्र हित में निकटस्थ परीक्षा केन्द्र, सरकारी या वित्त पोषित कालेज जिनकी छवि अच्छी है पर करायी जायेगी।

उक्त परीक्षा को सूचितापूर्ण एवं सुकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु परीक्षा केन्द्रों पर निम्नलिखित मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता अनिवार्य हैः-

1. सी0सी0 टी0वी0 कैमरे व डी0वी0आर0 तथा राउटर डिवाइस, इण्टरनेट कनेक्शन उपलब्ध है।
2. विद्यालय के चारों ओर चारदीवारी व लोहे के गेट लगे हुए है।
3. उत्तर-पुस्तिकाओं को रखे जाने हेतु डबल लॉक आलमारी उपलब्ध है।
4. अग्निशमन यंत्र, पानी की बाल्टी एवं रेत की व्यवस्था उपलब्ध है।
5. समुचित पेजल की व्यवस्था एवं छात्र-छात्राओं के लिये अलग-अलग शौचालय उपलब्ध है।
6. पूर्व में विभिन्न प्रतियोगात्मक परीक्षाएं, परीक्षा केन्द्र पर संचालित की जाती रही है।
7. परीक्षा केन्द्र मुख्य सम्पर्क मार्ग पर स्थित है।
8. विद्युत की व्यवस्था एवं निर्बाध वेबकास्टिंग हेतु जनरेटर एवं इन्वर्टर की व्यवस्था उपलब्ध है।
9. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा कक्षों में खिड़कियों में स्टिल/लोहे की जाली लगी हुई है तथा गेट पर मजबूत पल्ले लगे हुए है।

अतः उक्त के क्रम में सम्बन्धित डी0एच0पी0 कालेजों के प्राचार्य/प्रबन्धक से अनुरोध है की यदि वह अपने कालेजों में उपरोक्त मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के आधार पर परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के इच्छूक है तो उक्त पर अपनी संस्तुति सहित सहमति 03 दिवस के भीतर बोर्ड कार्यालय को ई-मेल आई0डी0- **registrar@hmbup.in** एवं पंजीकृत डाक के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करे, किससे की परीक्षा केन्द्रों के निर्धारण के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करायी जा सके।

भवदीय,

29/07/2024

(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार/परीक्षा नियंत्रक

<u>पत्रांक संख्या एवं दिनांक तद्दिनांकित।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, महानिदेशक/विशेष सचिव, आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ।
4. उप सचिव, आयुष विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. निदेशक, होम्योपैथी, उ0प्र0 लखनऊ।
6. गार्ड फाइल।

(विनय कुमार त्रिपाठी),
रजिस्ट्रार/परीक्षा नियंत्रक